

केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंट करते हुए मुख्यमंत्री धामी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को समर्पित ''हरेला'' पर्व उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है। यह त्योहार सम्पन्नता, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई एवं अगस्त माह का समय वृक्षारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। हमें अपनी परम्पराओं एवं परिवेश को बढ़ावा देना होगा। प्रकृति को महत्व देने की हमारी परम्परा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरेला सुख–समृद्धि व जागरूकता का भी प्रतीक है।

### सीएम ने सीडीएस और एनटीआरओ के चीफ से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ जनरल बिपिन रावत व एनटीआरओ के चीफ अनिल धस्माना ने उत्तराखण्ड सदन, नई दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। जनरल बिपिन रावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मध्य उत्तराखण्ड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विशेष तौर पर सीमांत क्षेत्रों के विकास पर विचार–विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रणनीतिक महत्व को देखते हुए सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए जरूरी औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है।

### विज्ञान धाम झाझरा में हरेला पर्व में मंत्री रेखा आर्य भी होंगी शामिल

**संवाददाता** देहरादून। हरेला पर्व पर शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या की उपस्थिति में विज्ञान धाम, झाझरा, देहरादून में वृक्षारोपण हरेला पर्व मनाया जायेगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, प्रातः 11:15 बजे बालिका निकेतन शिशु निकेतन, केदारपुरम् देहरादून जायेंगी, कैबिनेट मंत्री वहाँ से संस्थाओं के बच्चों के साथ विज्ञानधाम, झाझरा, देहरादून जायेंगी। विज्ञानधाम के परिसर में मंत्री जी एवं बच्चों द्वारा फलों के पौधे रोपित किये जायेंगे।

### कोविड से प्रभावित समुदायों की मदद को विभिन्न संगठनों के साथ की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर की वजह से भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर काफी बुरा असर हुआ है। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव काफी बढ़ गया है और अधिकांश भारतीयों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है, साथ ही लॉकडाउन की समय–सीमा बढ़ाए जाने के कारण व्यापार ठप्प हो गया और लोगों की नौकरियां छूट गईं, जिससे उनका जीवन–यापन बेहद कठिन हो गया है।

# ऋषिकेश–उत्तरकाशी रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति का अनुरोध

**भेंट**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से की भेंट

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, रेलवे, दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न रेल परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने रुड़की देवबंद परियोजना में उत्तराखंड राज्य की ओर से वर्तमान तक दिए गए 296.67 करोड़ की धनराशि के अंशदान को पर्याप्त मानते हुए परियोजना के अवशेष कार्यों का वित्त पोषण रेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा किए जाने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक उद्देश्य और सीमांत जनपदों के विकास की आवश्यकता को देखते हुए टनकपुर बागेश्वर रेलवे लाइन का नैरोगेज की बजाय ब्राडगेज लाइन का सर्वे किया जाए। मुख्यमंत्री ने इसके फाइनल लोकेशन सर्वे की स्वीकृति के साथ ही ऋषिकेश– उत्तरकाशी रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार–देहरादून रेलवे लाइन का दोहरीकरण के लिए 1024 करोड़ रुपये की डीपीआर के साथ ही डोईवाला से ऋषिकेश के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायवाला रेलवे स्टेशन पर डायवर्जन लाइन का निर्माण को जल्द स्वीकृति देने का भी आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने अपने अधिकारियों को इन दोनों प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाईन प्रधानमंत्री की उत्तराखंड को बड़ी देन है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के लिए तैयार किये जा रहे अवस्थापना सुविधाओं के सृजन में ही सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता के निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने धामपुर काशीपुर रेल लाइन के निर्माण और दिल्ली से रामनगर के लिए कॉर्बेट इको–एक्सप्रेस की जल्द स्वीकृति का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने भारत नेट फेज 02 की सैद्धांतिक मंजूरी दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए उत्तराखंड में स्टेट लेड मॉडल के अंतर्गत, भारत नेट फेज–02 परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र जारी करवाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर उत्तराखंड में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, अपर प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव रणजीत सिंहा भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में पर्यटन विकास के लिये राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, उत्तराखण्ड को पर्यटन, तीर्थाटन के साथ ही साहसिक खेलों के विश्व स्तरीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने आईडीपीएल, ऋषिकेश को स्पेशल टूरिज्म जोन के रूप में विकसित किए जाने की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति शीघ्र दिये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि आईडीपीएल ऋषिकेश में 600 एकड़ में बायोडायवर्सिटी पार्क, इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, रिजार्ट, होटल, वैलनेस सेंटर बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

मुख्यमंत्री ने गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाए जाने के लिए 55 करोड़ रूपए की स्वीकृति दिये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री जी किशन रेड्डी को उत्तराखण्ड आने के लिये आमंत्रित किया।

# नैनो यूरिया का उत्पादन उत्तराखण्ड कृषि के लिए वरदान साबित होगा

**बैठक**

■ आत्म निर्भर कृषि और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की दिशा में कार्य करेगाः मंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने यमुना कालोनी स्थित आवास पर नैनो यूरिया तरल के वर्चुअल बैठक में मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण विषय पर बैठक की।



बैठक में मंत्री ने कहा कि नैनो यूरिया का उत्पादन उत्तराखण्ड कृषि के लिए वरदान साबित होगा। इफको द्वारा नैनो यूरिया तरल रूप से वर्चुअल उद्घाटन करते हुये कृषि मंत्री ने कहा कि नैनो यूरिया की खोज उत्तराखण्ड की मृदा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व में इफको द्वारा तरल नैनो यूरिया बिक्रय में पहला पेटेंट प्राप्त किया। जिसके माध्यम से यूरिया को तरल रूप में लाया गया।

मंत्री ने कहा कि यह प्रयास आत्म निर्भर कृषि और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की दिशा में कार्य करेगा। तरल रूप में 500 मि0 ली0, नैनो यूरिया 45 किलो यूरिया के बराबर कार्य करेगा। इस उत्पाद के आने से यूरिया का उपयोग कम होगा और यूरिया उर्वरक पर दिये जाने वाले सब्सिडी में बचत होगी। उत्तराखण्ड की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों, आवागमन की सुविधा के लिए नैनो यूरिया उत्पाद कृषको तक आसानी से पहूँच सकेगा। इससे कृषको के लागत में कमी आयेगी और सरकार पर यूरिया उत्पादन का दबाव कम होगा। आज उत्तराखण्ड के कृषको के लिए नैनो यूरिया का पहला ट्रक रवाना किया गया।

मंत्री ने कहा कि नैनो यूरिया (तरल) फसल उत्पादकता बढ़ाता है और पारंपरिक यूरिया की आवश्यकता को कम करता है। इसके अलावा, नैनो यूरिया (तरल) के उपयोग से उपज, बायोमास, मृदा स्वास्थ्य और उत्पाद की पोषण गुणवत्ता में सुधार होता है।

### राज्य सरकार एवं हंस फाउण्डेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की आठवीं बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय स्थित उनके सभागार में उत्तराखण्ड सरकार एवं हंस फाउण्डेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की आठवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान हंस फाउण्डेशन के अधिकारियों द्वारा उनके द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि दि हंस फाउण्डेशन, सरकार द्वारा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के गैप को भरने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी विभाग जो दि हंस फाउण्डेशन के सहयोग से विभिन्न योजनाएं चला रहे हैं, विभागीय स्तर पर समितियों का गठन कर नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करके उन गैप्स को भरने का काम करें जिनमें अभी तक सरकार की ओर से आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने में सफल नहीं हो पाई हैं।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।